


# राजकमल रेलवे उड़ान पुल जल्द होगा इतिहास जमा




फोटो -जय स्टुडियो

## रेलवे के हिस्से का 90 प्रतिशत ध्वस्तीकरण पूरा

**प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार**

**अमरावती.** शहर की पहचान और प्रमुख यातायात मार्गों में शामिल राजकमल रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) अब इतिहास में जमा होने की कगार पर पहुंच गया है. लंबे समय से जारी ध्वस्तीकरण अभियान के तहत रेलवे ट्रैक के ऊपर स्थित पुल का अधिकांश हिस्सा हटाया जा चुका है तथा मुख्य लोहे के गर्डरों की लगभग 90 प्रतिशत कटाई पूरी कर ली गई है. शेष कार्य भी अगले कुछ दिनों में पूरा होने की संभावना है, जिसके बाद रेलवे क्षेत्र में स्थित पुल का हिस्सा पूरी तरह समाप्त हो जाएगा.रेलवे प्रशासन ने यात्री ट्रेनों के संचालन को प्रभावित किए बिना चरणबद्ध तरीके से यह कार्य किया है. रेलवे ट्रैक के ऊपर होने वाले कार्य के कारण सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा गया. रात के समय विशेष ब्लॉक लेकर भारी मशीनों और तकनीकी विशेषज्ञों की मदद से गर्डरों को काटने का काम किया गया. सुरक्षा संबंधी जटिलताओं के चलते इस प्रक्रिया को पूरा करने में करीब

**चार माह का समय लगा**

वर्षों तक शहर की यातायात धुरी रहे राजकमल उड़ानपुल के

### नई यातायात व्यवस्था का इंतजार

एक समय शहर के सबसे व्यस्त और महत्वपूर्ण मार्गों में गिने जाने वाले राजकमल उड़ानपुल का सफर अब समाप्ति की ओर है. इसके साथ ही अमरावती शहर आधुनिक यातायात संरचना की दिशा में एक नए अध्याय की ओर बढ़ रहा है. नागरिकों को उम्मीद है कि नया पुल शहर की बढ़ती यातायात आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से पूरा करेगा.

## चार माह से चल रहा कार्य अंतिम चरण में

ध्वस्तीकरण के साथ अब नागरिकों की निगाहें प्रस्तावित नए और आधुनिक पुल के निर्माण पर टिकी हुई हैं. प्रशासन का दावा है कि नया पुल बढ़ते यातायात दबाव को ध्यान में रखते हुए आधुनिक मानकों के अनुरूप तैयार किया जाएगा, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था और अधिक सुगम होगी.

**पीडब्ल्यूडी हटाएगा शेष हिस्सा**

रेलवे क्षेत्र का ध्वस्तीकरण कार्य पूरा होने के बाद पुल के शेष हिस्से को हटाने की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के पास होगी. इसमें हमालपुरा से रेलवे स्टेशन चौक की ओर जाने वाला उतार मार्ग तथा राजकमल चौक से जयस्तंभ चौक की दिशा का हिस्सा शामिल है.

**आचार संहिता के बाद शुरू होगा अगला चरण**

पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के अनुसार विधान परिषद चुनाव की आचार संहिता लागू होने के कारण आगे की कार्रवाई सीमित है. आचार संहिता समाप्त होते ही शेष संरचना को हटाने का कार्य तेज गति से शुरू किया जाएगा. इन हिस्सों के हटते ही पुराने राजकमल आरओबी का अस्तित्व पूरी तरह समाप्त हो जाएगा.

# आज शहर में एमपीएससी की परीक्षा

## 47 केंद्रों पर 13,704 विद्यार्थी देंगे परीक्षा

**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**

**अमरावती, 13 जून-** महाराष्ट्र लोकसेवा आयोग एमपीएससी द्वारा आयोजित महाराष्ट्र समूह-बी अराजपत्रित सेवा संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा 2026 रविवार 14 जून को शहर के 47 विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएंगी. इस परीक्षा में अमरावती से 13 हजार 704 विद्यार्थी शामिल होंगे. आयोग ने परीक्षा संबंधित नियमों को और सख्त करते हुए विद्यार्थियों के लिए निर्धारित समय से डेढ पहले पहुंचना अनिवार्य किया है. परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर पुलिस का कडा बंदोबस्त रहेगा.

1350 अधिकारी, कर्मचारी रहेंगे डयूटी पर तैनात

अमरावती शहर के 47 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा ली जाएंगी. परीक्षा के सफल संचालन के लिए 1350 अधिकारी एवं कर्मचारी डयूटी पर तैनात रहेंगे. परीक्षा 11 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगी. प्रमुख परीक्षा केंद्रों में ज्ञानमाता हाइस्कूल, होलीग्राम, विद्याभारती, गणेशदास राठी, समर्थ, बियाणी, आयटीआय, शासकीय पॉलिटेक्निक सहित 47 केंद्र शामिल है.



**1350 अधिकारी एवं कर्मचारी ड्यूटी पर रहेंगे तैनात**

### डेढ घंटे पहले पहुंचना अनिवार्य

परीक्षा के दिन संभावित समस्याएं जैसे आंदोलन,मोर्चे, यातायात बाधा, भारी वर्षाअथवा अन्य आकस्मित परिस्थितियो को ध्यान में रखते हुये आयोग ने परीक्षा प्रारंभ होने से डेढ घंटे पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचने के निर्देश दिए है. इसके अलावा परीक्षा केंद्र पर एक घंटे पहले निर्धारित कक्ष और सीट पर उपस्थित रहना भी अनिवार्य होगा. समय समाप्त होने के बाद किसी भी विद्यार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा.ऐसी चेतावनी दी है.


## इंदूबाई पहाड़े का निधन



**धामणगांव रेलवे-** स्थानीय निवासी किसान किशोर पहाड़े, वरिष्ठ पत्रकार मिलिंद पहाड़े तथा समाचार पत्र विक्रेता नंदकुमार पहाड़े की माताजी इंदूबाई पहाड़े का शनिवार सुबह 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया. इंदुबाई ने अपने जीवनकाल में परिवार को संस्कारवान बनाने तथा सामाजिक मूल्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. उनके स्नेहपूर्ण व्यवहार के कारण वे समाज में सम्मान की दृष्टि से देखी जाती थीं.

उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार स्थानीय मोक्षधाम में शोकाकुल वातावरण में किया गया. अंतिम यात्रा एवं अंतिम संस्कार में परिजन, रिश्तेदार, मित्रगण तथा क्षेत्र के अनेक नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे.इंदुताई अपने पीछे अपने वे तीन पुत्र, दो पुत्रियां, बहुएं, दामाद, नाती-पोते से भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं. इंदूबाई पहाड़े के निधन पर सामाजिक, राजनीतिक, पत्रकारिता तथा विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य नागरिकों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है.

## द्वारकादास लढ्ढा का स्वर्गवास, अंत्येष्टि आज



**अमरावती, प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार,13 जून-** नजदिकी वलगांव निवासी सरल स्वभाव के धनि, प्रतिष्ठित द्वारकादास लक्ष्मीनारायणजी लढ्ढा का 13 जून को स्वर्गवास हो गया. उनके पश्चात गोपालदास, पुरुषोत्तम, रमेश, आनंद, ललित तथा नकुल समेत भरापूरा परिवार शोकाकुल छोड गये है. उनकी अंतिम यात्रा रविवार, 14 जून को सुबह 10:30 बजे निकलेगी. हिंदू श्मशान भूमि, वलगांव में उनका अंतिम संस्कार होगा.

## माधवराव धंदर का निधन



कुऱ्हा, 13 जून- तिवसा तहसील के तलेगांव ठाकुर निवासी वरिष्ठ नागरिक माधवराव वामनराव धंदर का शनिवार, 13 जून 2026 को प्रातः 2:45 बजे वृद्धावस्था के कारण निधन हो गया. वे 80 वर्ष के थे, उनके परिवार में पत्नी, दो पुत्र, एक पुत्री, बहुएं, दामाद तथा नाती-पोते सहित बड़ा परिवार है.

# वाहन चोरों के गिरोह को पुलिस ने दबोचा

## 3.60 लाख की 10 मोटरसाइकिल बरामद, तीन गिरफ्तार



**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**

**अमरावती.** आयुक्तालय के अंतर्गत सिटी कोतवाली पुलिस ने वाहन चोरी के मामलों में बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 10 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की है. जिनकी कीमत 3 लाख 60 हजार रुपये है. इस कार्रवाई से शहर सहित अन्य क्षेत्रों में दर्ज कुल 9 वाहन चोरी के मामलों का खुलासा हुआ है. पुलिस गिरफ्तार तीनों आरोपियों से कड़ी पूछताछ कर रही है.

जानकारी के अनुसार 6 मई को शिकायतकर्ता सागर प्रकाशराव वाकुडकर (34, देवी नगर, वडाली) ने सिटी कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई थी. शिकायत में बताया गया कि उनकी होंडा यूनिकॉर्न मोटरसाइकिल उनके रिश्तेदार शुभम गेडेकर काम से प्रभात चौक स्थित एक घर के बाहर खड़ी कर गए थे. वापस लौटने पर बाइक मौके से चोरी हो चुकी थी. शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की. वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस ने तकनीकी जांच, गोपनीय सूचना और स्थानीय स्तर पर जांच-पड़ताल शुरू की. जांच के दौरान तीन आरोपियों की पहचान हुई. जिसमें राहुल संतोष सोलंके (24, मालीपुरा, कारंजा लाड), लखन उत्तमराव चव्हाण (26) और महादेव उत्तमराव चव्हाण (28,अळनगांव, भातकुली का समावेश है. पुलिस हिरासत में पूछताछ के दौरान आरोपियों ने शहर तथा अन्य स्थानों पर भी वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने की बात स्वीकार की. जांच के दौरान पुलिस ने विभिन्न थानों में दर्ज मामलों से संबंधित वाहन बरामद किए. इनमें प्रमुख रूप से होंडा सीबी यूनिकॉर्न, हीरो होंडा स्प्लेंडर, स्प्लेंडर प्लस, टीवीएस विक्टर, एक्टिवा 5, होंडा शाइन वाहन शामिल हैं. बरामद वाहन सिटी कोतवाली, राजापेठ, गाडगे नगर, दयार्पुर तथा चंद्रपुर शहर क्षेत्र से संबंधित मामलों से जुड़े पाए गए. यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त राकेश ओला के मार्गदर्शन में डीसीपी श्याम घुगे तथा एसीपी संजय के नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक रोशन शिरसाट, पुलिस निरीक्षक रामदास पालवे डी.बी.पथक प्रमुख पुलिस उपनिरीक्षक तुषार गावंडे, पुलिस उपनिरीक्षक रंगराव जाधव सहित टीम के सदस्य मंगेश भेलाये, हरीष बुंदेले, प्रदीप राठोड, प्रमोद हरणे, मंगेश दिघेकर, अथर अली, नीलेश कांडलकर, आकाश इंगोले, बाबूसिंग राठोड ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. इसके अलावा एएसआई दिनेश मिश्रा, सुनील विधाते, जीवन बांडे, सतीष कावळे, रामविजय गेडाम, विश्वास गोंडाने, दिनेश जवजांळ, राजेश सदांशिवे, आनंद जाधव का भी विशेष योगदान रहा.

## 60 हजार रुपये लेकर चोर फरार



**सरमसपुरा** – सरमसपुरा पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत भुगाव गांव में घर में घुसकर नकदी चोरी करने का मामला सामने आया है. रामदास महादेवराव पारीसे (65) ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि 12 जून की रात वे घर पर भोजन करने के बाद परिवार सहित सो गए थे. देर रात करीब 1 बजे उनकी नींद खुली तो उन्होंने घर का सामान बिखरा हुआ देखा. शक होने पर उन्होंने घर में रखी पैसों की पेटी की जांच की लेकिन वह अपनी जगह पर नहीं मिली. उसमें रखे 60 हजार रुपये नकद गायब थे. शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# गोबर उठाने को लेकर विवाद

**चिखलदरा** – चिखलदरा के रजनीकुंड गांव में एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है. महिला बबिता उमेश अलोकार अपने घर के सामने गोबर उठा रही थीं. इसी दौरान आरोपी वहां पहुंचे और गोबर उठाने का कारण पूछा. महिला ने बताया कि वह गोबर के उपले बनाने के लिए गोबर एकत्र कर रही थीं इसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया.आरोपी ने थप्पड़ों से पीठ, छाती, हाथ और सिर पर हमला किया. पुलिस ने इस मामले में लच्छु दमलु अलोकार और योगेश लच्छु अलोकार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# डीसीपी सोलंके ने संभाला पदभार



## चार्ज लेते ही चर्चित हत्याकांड की जांच का लिया जायजा

### नागपुरी गेट थाना क्षेत्र पहुंचे नए डीसीपी, अधिकारियों को दिए जांच तेज करने के निर्देश



**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**

**अमरावती .** राज्य स्तर पर हाल ही में किए गए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के तबादलों के बाद डीसीपी यशवंत सोलंके ने शनिवार को अमरावती शहर झोन-1 के पुलिस उपायुक्त पद का कार्यभार संभाल लिया. पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद उन्होंने शहर के चर्चित हत्याकांड मामले की समीक्षा कर पुलिस की जांच को प्राथमिकता देने के संकेत दिए.

जानकारी के अनुसार चार्ज संभालने के कुछ ही समय बाद डीसीपी यशवंत सोलंके देर शाम नागपुरी गेट थाना क्षेत्र पहुंचे. जहां हाल ही में हुए चर्चित हत्याकांड के घटनास्थल का निरीक्षण किया. डीसीपी सोलंके ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल की स्थिति को समझा और जांच की प्रगति की जानकारी अधिकारियों से ली. बताया जा रहा है कि यह मामला पुलिस विभाग के लिए चुनौती बना हुआ है और अब तक कई लोगों के बयान दर्ज किए जा चुके हैं. हालांकि पुलिस को अभी तक हत्या की गुत्थी सुलझाने में सफलता नहीं मिली है और जांच कई पहलुओं पर जारी है. निरीक्षण के दौरान पुलिस निरीक्षक मनोहर कोटनाके सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे. डीसीपी यशवंत सोलंके ने मौजूद अधिकारियों से जांच की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की और मामले के जल्द खुलासे के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. पुलिस अब मामले से जुड़े सभी तकनीकी और स्थानीय सबूतों के आधार पर आगे की जांच कर रही है.

# 18 लाख के 133 गुम मोबाइल मूल मालिकों को लौटाए

## सीईआईआर पोर्टल की मदद से मिली कामयाबी



**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**

**अमरावती.** ग्रामीण पुलिस ने आधुनिक तकनीक और साइबर जांच प्रणाली का प्रभावी उपयोग करते हुए नागरिकों के गुम हुए मोबाइल फोन बरामद करने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है. विशेष अभियान के दौरान पुलिस ने कुल 133 गुम मोबाइल फोन बरामद कर मूल मालिकों को वापस सौंप दिए. बरामद किए गए मोबाइल फोन की कुल अनुमानित कीमत 18 लाख 18 हजार रुपये बताई गई है.

नागरिकों के खोए हुए मोबाइल फोन वापस दिलाने के उद्देश्य से ग्रामीण पुलिस दल द्वारा यह विशेष अभियान चलाया गया. यह अभियान पुलिस अधीक्षक निकेतन कदम के मार्गदर्शन में संचालित किया गया. इस अभियान के तहत साइबर पुलिस स्टेशन, अमरावती ग्रामीण तथा जिले के सभी पुलिस स्टेशनों के स्तर पर विशेष टीमों का गठन किया गया. नागरिकों से प्राप्त मोबाइल गुम होने की शिकायतों का तकनीकी विश्लेषण करते हुए सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से मोबाइल ट्रैकिंग और जांच की गई. पुलिस की तकनीकी जांच, साइबर विशेषज्ञता और विभिन्न पुलिस थानों के बीच बेहतर समन्वय के कारण बड़ी संख्या में गुम मोबाइल फोन का पता लगाया गया. इसके बाद सभी बरामद मोबाइल संबंधित नागरिकों को औपचारिक प्रक्रिया के तहत वापस सौंपे गए. मोबाइल लौटाने के दौरान पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, साइबर पुलिस स्टेशन के अधिकारी तथा संबंधित पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे. यह विशेष

### पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में चला विशेष अभियान

अभियान पुलिस अधीक्षक निकेतन कदम व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दत्ता तोटेवाड के मार्गदर्शन में चलाया गया. अभियान का नेतृत्व पुलिस निरीक्षक अशोक लांडे ने किया. इस कार्यवाही को साइबर पुलिस स्टेशन तथा ग्रामीण पुलिस के अंतर्गत आने वाले सभी पुलिस स्टेशनों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से सफल बनाया.

### नागरिकों से अपील

ग्रामीण पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि उनका मोबाइल फोन गुम हो जाता है, तो तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराएं अथवा सीईआईआर पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें. ताकि समय रहते मोबाइल को ट्रैक कर वापस दिलाया जा सके.